# अमेरिका ने यूरोप में उड़ाए महाविनाशक परमाणु बॉम्बर

खतरा

## परमाणु बम से लैस बॉम्बर्स ने भूमध्य सागर में यूक्रेन की सीमा के आसपास उड़ान भरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। यूक्रेन सीमा के पास रूस के हाइपरसोनिक मिसाइलें, फाइटर जेट और 1 लाख से अधिक सैनिक तैनात करने के बाद अब अमेरिकी वायुसेना भी हरकत में आ गई है। अमेरिका ने अपने 4 महाविनाशक बी–52 बॉम्बर को ब्रिटेन में तैनात कर दिया है। यही नहीं परमाणु बम से लैस इन बॉम्बर्स ने भूमध्य सागर में यूक्रेन की सीमा के आसपास उड़ान भी भरी है। इन बमवर्षक विमानों ने ऐसे समय पर उड़ान भरी है जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति को पूरी मदद करने का वादा किया है। प्रत्येक बी–52 बॉम्बर में कम से कम 20 मिसाइलें हमेशा तैनात रहती हैं।

अमेरिकी वायुसेना के ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने इन बमवर्षक विमानों को ब्रिटेन के फेयरफोर्ड वायुसैनिक अड्डे पर तैनात किया है। अमेरिका ने इस बॉम्बर की तैनाती ऐसे समय पर की है जब यूक्रेन को लेकर अमेरिका और रूस के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी बॉम्बर अपने होम बेस नॉर्थ डकोटा से ब्रिटेन पहुंचे हैं। ये विमान अगले 3 सप्ताह तक ब्रिटेन में ही बने रहेंगे। माना जा रहा है कि रूस और बेलारूस के बीच चल रहे जोरदार युद्धाभ्यास को देखते हुए अमेरिका ने अपने बॉम्बर्स को भेजा है।



**यूरोप में गश्त लगा रहे हैं अमेरिकी बॉम्बरः** अमेरिकी बॉम्बर आते ही अपने मिशन पर लग गए हैं और रूस की सीमा के पास यूरोप में गश्त लगा रहे हैं। यूरोप में अमेरिकी वायुसेना के कमांडर जनरल जेफ्री एल हैरीगियान ने कहा कि बदलते वैश्विक सुरक्षा माहौल में यह जरूरी है कि हमारे सहयोगी देश एकजुट रहें। हम यूरोप में ट्रेनिंग के लिए हैं और एकसाथ सहयोग कर रहे हैं ताकि हमारी सामूहिक हवाई ताकत को बढ़ाया जा सके। इन बॉम्बर के ब्रिटेन पहुंचने पर रॉयल एयरफोर्स के टायफून लड़ाकू विमानों ने स्वागत किया।

दुनियाभर में परमाणु हथियारों पर नजर रखने वाले अमेरिकी वैज्ञानिक हांस क्रिस्टेंशन के मुताबिक भूमध्य सागर में गश्त लगाने वाला बॉम्बर परमाणु और परंपरागत दोनों ही क्रूज मिसाइलों को दागने में सक्षम है। माना जा रहा है कि अमेरिका ने रूस को सख्त संदेश देने के लिए इस परमाणु बॉम्बर को उड़ाया है। यह बॉम्बर एक बार में 32,000 किलो हथियार ले जा सकता है। इसकी मारक क्षमता करीब 14,080 किलोमीटर है। इसमें 6 इंजन लगे होते हैं और इसे खासतौर रूसी खतरे को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। अमेरिका ने 58 बी–52 बमवर्षक विमानों को एक्टिव ड्यूटी पर लगा रखा है। यह सबसॉनिक स्पीड से उड़ान भरने में सक्षम है।

**रूस ने तैनात की हैं हाइपरसोनिक मिसाइलेंः** इससे पहले यूक्रेन संकट को लेकर अमेरिका के पोलैंड में पैराशूटधारी सैनिक तैनात करने के बाद भड़के रूस ने नाटो देशों को सबक सिखाने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस अपने मिग–31 के विमानों को तैनात कर दिया था।

## न्यूज डायरी



### सिंगापुर में कोरोना का विस्फोट, 9,420 नए मामले किए गए दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिंगापुर। सिंगापुर में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। वायरस का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन तेजी से पूरे देश में फैल गया है। हालांकि की राहत वाली बात यह है कि अभी भी देश के हालात स्वास्थ्य प्रणाली के नियंत्रण में है। रविवार को कोरोना वायरस के 9,420 नए मामले सामने आए, जिसके बाद देश में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 469,495 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया, कोरोना वायरस के नए मामलों में से, 2,349 मामलों का पीसीआर टेस्ट के तहत पता चला है जबकि 7,071 मामलों का एआरटी टेस्ट से पता किया गया है। पोलीमरेज चेन रिएक्शन मामलों में 2,153 स्थानीय और 196 बाहरी मामले शामिल हैं, जबकि हल्के लक्षणों वाले और कम जोखिम वाले एंटीजन रैपिड टेस्ट मामलों में 7,042 स्थानीय और 29 बाहरी मामले दर्ज किए गए हैं।

### यूक्रेन की सीमा को 1 लाख नहीं 1.30 लाख रूसी सैनिक हैं घेरे हुए!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा कुछ दिनों के भीतर रूस द्वारा आक्रमण करने की चेतावनी को तूल नहीं देने के बीच रविवार को अमेरिका ने यूक्रेन सीमा के पास रूसी सैनिकों की संख्या में इजाफा होने के संबंध में चेतावनी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को जेलेंस्की के साथ करीब 50 मिनट तक बात की और उन्हें समर्थन की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं, नाम नहीं बताने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने यूक्रेन की सीमा पर रूसी सैनिकों की एक लाख की संख्या के अपने दावे में सुधार करते हुए रविवार को 1,30,000 से अधिक सैनिकों का जमावड़ा होने का दावा किया है। अमेरिका ने रविवार को चेतावनी दी कि और अधिक संख्या में रूसी सैनिक यूक्रेन की सीमा के पास जमा हो रहे हैं और कुछ उड़ानों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं।

### कोरोना का कहर, वैश्विक मामले बढ़कर हुए 41.15 करोड़ से ज्यादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। पूरी दुनिया में कोरोना वायरस का कहर बरस रहा है। वैश्विक महामारी के नए मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। कोरोना वायरस का प्रकोप अपने चरम पर है। वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन आने के बाद, पूरी दुनिया में संक्रमण के मामलों में भारी इजाफा हुआ है। जहां कोविड–19 के घातक वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 41.15 करोड़ से ज्यादा हो गई है। वहीं इस महामारी से अब तक कुल 58.1 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। हालांकि, राहत देने वाली खबर यह है कि दुनिया भर में अब तक 10.19 अरब लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

ये आंकड़े हापकिन्स यूनिवर्सिटी ने साझा किए हैं। यूनिवर्सिटी के सेंटर फार सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने शनिवार सुबह नए अपडेट में बताया कि वर्तमान वैश्विक मामले 411,574,123 हैं, जबकि मरने वालों की संख्या 5,815,192 हो गई है।


### तालिबान की प्रतिक्रिया, कहा–रिजर्व सिर्फ अफगानिस्तान के लोगों का है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बीते एक बड़ा फैसला लिया, जिस फैसले की अफगानी सेंट्रल बैंक ने शनिवार को आलोचना की। बता दें कि अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद अमेरिका ने अफगानी संपत्ति को जब्त कर लिया था, जिसमें फ्रिज की गई नौ अरब डालर की अफगानी संपत्ति में से राष्ट्रपति बाइडन ने सात अरब डालर को निर्गत करने के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिया है। राष्ट्रपति ने यह धनराशि 9/11 हमले के पीड़ितों और अफगानिस्तान की मानवीय मदद के लिए बांटे जाने का फैसला किया है, जिसपर तालिबान ने रविवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। द खामा प्रेस ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के लिए तालिबान के नामित सुहैल शाहीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के फैसले को गलत ठहराया है।

## बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति को दिया मदद का भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूसी सेना के भीषण हमले के खतरे के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदयमयर जेलेन्स्की से बात करके उन्हें मदद का पूरा भरोसा दिया है। साथ ही दोनों ही राष्ट्रपतियों ने इस बात पर जोर दिया कि वे रूस के साथ तनाव को घटाने के लिए राजनयिक प्रयास करते रहेंगे। बाइडन का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका के राष्ष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने चेतावनी दी है कि रूस यूक्रेन पर हमला करने के लिए बहाना तलाश रहा है। वाइट हाउस ने बाइडन और जेलेन्स्की से बातचीत के बाद जारी अपने बयान में कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के किसी भी आक्रामक कार्रवाई का अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर तेजी से और बहुत जोरदार जवाब देगा। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने भी एक बयान जारी करके कहा कि दोनों नेताओं ने रूस के हमला करने की सूरत में मास्को के खिलाफ संभावित आर्थिक प्रतिबंधों के बारे में चर्चा की।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुल्लिवान ने सीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि पिछले 10 दिनों में रूसी सैन्य जमावड़े में नाटकीय तेजी देखी गई है।






## 'वैलेंटाइन डे' पर हिजाब और नमाज वाली टोपी पहनने को कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी में एक मेडिकल कॉलेज ने अपने विद्यार्थियों को 'वैलेंटाइन डे' पर दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में लड़कियों को हिजाब पहनने के लिए और लड़कों को लड़कियों से दो मीटर की दूरी बनाए रखने और नमाज वाली सफेद टोपी पहनने के लिए कहा गया है। एक खबर में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'फ्राइडे टाइम्स' की खबर के अनुसार इस्लामाबाद इंटरनेशनल मेडिकल कॉलेज ने शनिवार को एक परिपत्र जारी कर विद्यार्थियों को 'वैलेंटाइन डे' समारोहों और इससे जुड़ी ''ऐसी गतिविधियां, जो युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाती हैं'' में शामिल होने से मना किया गया है।

## इमरान खान की तीसरी शादी भी टूटने के कगार पर पहुंच गई है!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अब संसद ही नहीं घर में भी घघ्रिते दिखाई दे रहे हैं। ऐसी खबरें आ रही हैं कि इमरान खान की तीसरी शादी भी टूटने के कगार पर पहुंच गई है। दावा किया जा रहा है कि इमरान खान और बुशरा बीबी के बीच के मनमुटाव बढ़ गया है और उनकी शादी टूटने की कगार पर पहुंच गई है। बुशरा बीबी के बारे में कहा जा रहा है कि वह इमरान खान के महल बनी गाला को छोड़कर लाहौर अपनी दोस्त के घर चली गई हैं। हालांकि इमरान खान की पार्टी ने इस पूरे दावे को खारिज किया है।

### काला जादू करती हैं बुशरा बीबी, खुद को बताती हैं आध्यात्मिक हीलर

इमरान खान ने अपनी दूसरी पत्नी रेहम खान से तलाक लेने के बाद बुशरा बीबी के साथ साल 2018 में शादी की थी। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक इमरान खान पिछले एक दशक सूफी संप्रदाय की ओर झुके हैं। इसी दौरान वह बुशरा बीबी के घर पर रुकते थे। इसी दौरान उनकी बुशरा बीबी से संपर्क हुआ। इमरान खान की तीसरी बेगम खुद को आध्यात्मिक हीलर बताती हैं। इमरान खान से शादी के बाद बुशरा बीबी ने उनकी पार्टी पीटीआई पर एक तरह से कब्जा सा जमा लिया है। पाकिस्तानी मीडिया में इस बात की चर्चा रहती है कि बुशरा ने च्ज्प् के अंदर अपना अलग धड़ा बना रखा है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक उनके प्रति वफादारी रखते हैं।

इमरान के बारे में भी कहा जाता है कि वह पार्टी के अंदर विरोध के स्वर या महिलाओं की नाराजगी पर बुशरा को आगे कर देते हैं। इसके चलते उन्हें गॉडमदर तक का दर्जा दिया गया है। यहां तक कि यह भी कहा जाता है कि पार्टी के सदस्यों की पार्टी से ज्यादा बुशरा के प्रति वफादारी है। दिलचस्प बात यह है कि बुशरा को श्काला जादूश करने वाला बताया जाता है। वह खुद को मिस्टिक और आध्यात्मिक हीलर बताती हैं।

### इमरान खान ने भारत को दी युद्ध की धमकी!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान यूं तो अपनी पहचान विश्व के एक बड़े मुस्लिम नेता के रूप में बनाना चाहते हैं, लेकिन चीन की यात्रा पर जाकर वही इमरान खान वहां पर रहने वाले उइगर मुस्लिमों पर हो रहे जुल्मों के लिए चीन की सरकार का पक्ष लेने से भी गुरेज नहीं करते हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने भारत को युद्ध तक कही धमकी दी है।

उन्होंने शिंजियांग प्रांत में रहने वाले उइगरों पर हो रहे जुल्ध्मों को न सिर्फ नजरंदाज किया है बल्कि पश्चिम देशों पर चीन की सरकार की छवि धूमिल करने का भी आरोप मढ़ दिया है। उनका कहना है कि शिंजियांग में उइगरों के हालात वो नहीं हैं जो पश्चिमी देश दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इमरान खान ने न केवल शिंजियांग प्रांत में जो कुछ हो रहा है उसके लिए चीन का साथ दिया है बल्कि दक्षिण चीन सागर में चीन की करतूतों को भी जायज ठहराया है। बीजिंग की यात्रा के दौरान इमरान खान ने चीन की वन चाइना पालिसी को अपना पूरा समर्थन दिया है।